तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

09 आमटी में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन...



10 किल्लेकोड़ा-खोलझर में गांधी जयंती पर विविध...



बालोद | अर्जुदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़


श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध
24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज
बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

एसआईआर में बड़ी संख्या में नाम हटाने का दावा

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, निर्वाचन आयुक्त को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के संस्थागत कब्जे और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर लोकतंत्र बचाओ सप्ताह अंतर्गत राजीव भवन में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि हालिया घटनाक्रमों और विभिन्न सार्वजनिक रिपोर्टों ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। देश की चुनावी व्यवस्था को लेकर जो आशंकाएं लंबे समय से व्यक्त की जा रही थीं, वे अब व्यापक जनचर्चा और राष्ट्रीय बहस का विषय बन चुकी हैं। कांग्रेस पहले ही इस लड़ाई को जनता के बीच और हर उपलब्ध मंच पर ले जा चुकी है, बिहार में वोटर अधिकार यात्रा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा में लगातार उठाए गए मुद्दों जिनमें मतदाता सूचियों में अनियमितताएं, नाम जोड़ने एवं हटाने की प्रक्रिया, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, ईवीएम की विश्वसनीयता तथा चुनावी पारदर्शिता से जुड़े प्रश्न शामिल हैं को अब देशभर में गंभीरता से देखा जा रहा है।

- विधायक संगीता ने मतदाता अधिकारों की सुरक्षा पर दिया जोर



हिरवानी ने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान 13 करोड़ 30 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, जिससे करोड़ों नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हुई है। कांग्रेस का कहना है कि ऐसी किसी भी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता, संवैधानिक मर्यादाओं और नागरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित किए बिना लागू नहीं किया जाना चाहिए। ऐसी प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता की गारंटी अथवा अनुच्छेद 326 के तहत सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के सिद्धांत के साथ न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। रिपोर्टों के अनुसार, दो निर्वाचन आयुक्तों ने दस महीनों में चौदह आपत्तियां दर्ज की और एसआईआर में प्रयुक्त फॉर्म 6 में किए गए बदलावों को अनधिकृत और अवैध बताया। यह संस्थागत अधिकारों के अतिक्रमण के एक पैटर्न को उजागर करता है।

मताधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा नागरिकों के मताधिकार में निहित है और किसी भी परिस्थिति में मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर संदेह उत्पन्न होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। विधायक सिन्हा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब प्रत्येक पात्र नागरिक को निर्भय होकर मतदान करने का अवसर मिले तथा चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास बना रहे। इसी उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के मुद्दे को निरंतर उठाती रहेगी। प्रेसवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के रामजी भाई पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, शंभू साहू, अंचल प्रकाश साहू, नरेंद्र सिन्हा, वैभव शर्मा, कमल टुवानी, देवेंद्र साहू, सुनील मंडावी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



66 पाव शराब के साथ चार गिरफ्तार

बालोद। अवैध शराब के कारोबार एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बालोद पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 66 पाव देशी शराब और शराब परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पहले मामले में 1 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जामगांव भाटा खाद गोदाम के पास दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से बिक्री के लिए अवैध शराब लेकर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी और रेड कार्रवाई की। इस दौरान 34 पाव रोमियो देशी मदिरा प्लेन शराब, कुल 6.120 बल्क लीटर बरामद की गई। शराब परिवहन में ▶▶|शेष पेज 08 पर

क्षेत्र में भालुओं की दस्तक, वन विभाग अलर्ट, बढ़ाई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



शहर सहित आसपास के जंगल क्षेत्रों में जंगली भालुओं की लगातार हो रही मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। वन विभाग द्वारा भालुओं की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा क्षेत्रवासियों को वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है। विभाग की सक्रियता से मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



- भालू दिखे तो न छेड़ें, न घेरें; तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील

जंगली भालुओं की उपस्थिति को लेकर वन विभाग की टीम द्वारा प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है। जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्रों और दल्लीराजहरा शहर के आसपास रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वन विभाग का प्रयास है कि वन्यजीव अपने प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में सुरक्षित रहें और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। जिला वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि जंगली भालुओं की मौजूदगी को लेकर वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। आदिवासी बाहुल्य डौंडी ब्लॉक सहित वन क्षेत्र से लगे इलाकों में लोगों को सतर्क रहने और जंगली भालुओं से दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को आवश्यक सुविधाएं और सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है तथा वन विभाग की टीम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि जंगल अथवा जंगल से लगे ▶▶|शेष पेज 08 पर


राधेश्याम राठिया
सांसद, रायगढ़
केराबाई मनहर
पूर्व विधायक सांरगढ़
संजय भूषण पाण्डेय
अध्यक्ष जिला पंचायत सांरगढ़
ज्योति पटेल
जिलाध्यक्ष भाजपा सांरगढ़
कमलेश अग्रवाल
अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया
जगन्नाथ पाणिग्राही
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ अभिलाषा कैलाश नायक
जिला पंचायत सदस्य
विनोद भारद्वाज
जिला पंचायत सदस्य सांरगढ़
ताराचंद देवांगन
जिलाध्यक्ष कांग्रेस
श्रीमती ममता राजीव सिंह
अध्यक्ष जनपद पंचायत सारंगढ़
सोनी अजय बंजारे
अध्यक्ष नगर पालिका सारंगढ़
पदमा घनश्याम मनहर
पूर्व विधायक सारंगढ़
कविता प्राण लहरे
विधायक बिलाईगढ़
श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े
विधायक सांरगढ़
श्रीमती पद्मिनी भोई साहू
कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़
श्री सुनील शर्मा जी
पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़-बिलाईगढ़
हरिभूमि & Ninh 24x7
समाचार ही नहीं, विचार भी
बढ़ते भारत की आवाज़
Presents
जिला संवाद 2026
सारंगढ़-बिलाईगढ़
रतन शर्मा
जिलाध्यक्ष कैट सारंगढ़-बिलाईगढ़
डॉ. आनंद प्रधान
प्रधान हॉस्पिटल दानसरा सारंगढ़
मुकेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन सारंगढ़-बिलाईगढ़
संगीत सिंह ठाकुर
जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेबर ऑफ कामर्स इंड्रस्टीज सारंगढ़-बिलाईगढ़
सतीश यादव
अध्यक्ष सेवा भारती एवं समाजसेवी
छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में
कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर
मान. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़
डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच
मान. गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन
दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे
कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़
इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।
MP TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | Ninh | जनता TV | CG TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812
एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

खबर संक्षेप

घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

निकुम। अंडा थाना क्षेत्र के निकुम रेस्ट हाउस के पास बीते 29 सितंबर की शाम करीब 7.30 बजे सड़क हादसे में घायल हुए 26 वर्षीय युवक नरेंद्र धनकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। अंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र धनकर बाइक से अपने घर निकुम लौट रहे थे। इसी दौरान रेस्ट हाउस निकुम के पास सड़क किनारे गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद घायल नरेंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शंकराचार्य अस्पताल भिलाई रेफर किया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बीती रात उन्होंने दम तोड़ दिया, घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम दुर्ग में कराया गया। वहीं अंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

चाय पीने गए युवक के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

भिलाई। चाय पीने गए युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत भिलाई नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।पुलिस ने बताया कि अंशु शुक्ला अपने दोस्त अमर कुमार , टी प्रशांत, आदर्श कुमार के साथ सिविक सेंटर उपाध्याय चाय दुकान के पास मैदान सिविक सेंटर में चाय पीने गया था। वहां बंटी और अन्य साथी खडे थे जहां दोस्त अमर से टकरा गया। मना करने पर उसी बात को लेकर बंटी समेत अन्य ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मारपीट देख कर टी प्रशांत बीच बचाव करने आया था। उसे भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। वाहन की चाबी कडा, बांस का डंडा से पीड़ित के साथ मारपीट किया गया। घटना में पीड़ित के बांये आंख के उपर,बांये गाल,सिर में और अमर कुमार को सिर, चेहरा ,पीठ, प्रशांत को सिर में चोंट आई है। घटना के बाद हम तीनों का उपचार राम नगर स्थित निजी अस्पताल में जारी है।

गांधी जयंती पर सफाई कर्मियों का सम्मान



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत टीएसडी विभाग में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम प्रशांत ओझा थे। महाप्रबंधक प्रभार एबी श्रीनिवास सहित टीएसडी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र/प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि व उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर में प्रतीकात्मक रूप से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा कार्यस्थल व आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतुल नौटियाल, के सुपर्णा, आर. रंजनी, विकास चन्द्रा व मुकुल सहारिया सहित टीएसडी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

दो साल से शोपीस बनी जल जीवन मिशन की पानी टंकी, नल कनेक्शन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अपने योजना के उद्देश्य को पूरा करने में विफल नजर आ रही है, लाखों रुपए की लागत से बनी पानी टंकी पिछले 2 साल से केवल शोपीस बनकर रह गया है। क्योंकि अब तक ग्रामीणों को नल कनेक्शन के तहत पानी नहीं मिल पाया है।

मामला ग्राम पंचायत करेंझर के आश्रित ग्राम कंकालिन की है, जहां पिछले 2 वर्ष से पानी टंकी बनकर तैयार है, किंतु ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए अब तक भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि ज्यादातर परेशानी गर्मी के दिनों में होती है, जहां जलस्तर नीचे चले जाने से 500 मीटर दूर कंकालिन मंदिर के प्रांगण में जाकर पीने के लिए पानी लाना पड़ता है। शासन की योजना के तहत पानी टंकी तो बना दी गई है किंतु पानी टंकी से नीचे पाइपलाइन कनेक्शन सही नहीं होने से पानी व्यर्थ बह रहा था जिसे ग्रामीण बताते हैं कि पिछले महीनों दिनों से यही स्थिति है जहां टंकी से पानी व्यर्थ बह रहा है।

मामले में सरपंच कन्हैया लाल साहू का कहना है कि पंचायत को अभी हैंड ओवर नहीं किया गया है क्योंकि ठेकेदार द्वारा पाइप कनेक्शन का कार्य शेष बचा है, उक्त ठेकेदार को बार–बार कार्य को पूरा करने के लिए कह रहे हैं किंतु ठेकेदार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

खास बातें

- पाइप कनेक्शन का काम अधूरा, गर्मी में 500 मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण
- करेंझर के आश्रित ग्राम कंकालिन में लाखों की लागत से बनी टंकी से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी





निषादराज मिलन और केवट प्रसंग ने भावुक किया, हजारों श्रद्धालु कथा में हुए शामिल

रामकथा में आचार्य युवराज पांडेय दिया संदेश, बिना सत्संग के विवेक नहीं; भरत के त्याग का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा





धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति दुर्ग ग्रामीण द्वारा ग्राम बोरीगारका में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के छठवें दिवस पर हजारों श्रद्धालु उमड़े। कथा व्यास परम पूज्य आचार्य पं. युवराज पांडेय जी महाराज ने निषादराज मिलन, केवट प्रसंग और चित्रकूट कथा का हृदयस्पर्शी वर्णन किया।

महाराज जी ने महाराज दशरथ के देवलोक गमन के बाद अयोध्या की दशा और भरत जी के अयोध्या आगमन का हृदयविदारक प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर पूरा पंडाल भावुक हो उठा।

बिना सत्संग के विवेक नहीं

महाराज जी ने कहा कि पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र की कथा सत्संग में हमें सब कुछ दे देती है। बिना सत्संग के विवेक प्राप्त नहीं होता। संत जरूरी नहीं कि कोई तिलक लगाए, जटा रखे। जो भगवान को पकड़ ले, उसे पकड़ लो तो भगवान मिल जाएंगे। अच्छे संत को पहचानने के लिए आपको खुद एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा।

भगवान ने कभी छुआछूत नहीं माना

श्रीराम वनगमन पथ पर चलते हुए श्रृंगवेरपुर पहुंचते हैं, जहां निषादों का राज है। महाराज जी ने कहा कि भगवान कभी छुआछूत नहीं मानते। 'सब मेरे लिए प्रिय हैं' कहकर भगवान ने निषादराज गुहराज को गले से लगा लिया। राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है।

केवट को मिला चरण धोने का सौभाग्य

गंगा पार करने के प्रसंग में केवट ने कहा कि मुझे आपके चरणों की धूल से डर है, यदि नाव में बैठना है तो चरण धोने पड़ेंगे। तुलसीदास जी लिखते हैं कि केवट को भगवान के चरण धोने का जो सौभाग्य मिला वह देवताओं को भी दुर्लभ है। भगवान ने प्रसन्न होकर केवट के सिर पर हाथ रखा।

नारी का सर्वोच्च स्थान

महाराज जी ने कहा कि रामचरितमानस में 14 स्थान बताए हैं जहां प्रभु निवास करते हैं। ग्रंथों में नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, तभी भगवान के नाम से पहले नारी का नाम आता है - लक्ष्मी नारायण, सीताराम।

सूनी हुई अयोध्या

महाराज जी ने कहा कि राम के वन जाने के बाद महाराज दशरथ पुत्र वियोग सहन नहीं कर पाए और 'हा राम-हा राम' पुकारते हुए प्राण त्याग दिए। जिस समय दशरथ जी ने देह त्यागी उस समय चारों पुत्रों में से एक भी उनके पास नहीं था। अयोध्या जो राजतिलक की खुशियों में झूम रही थी, शोक में डूब गई।

भरत जैसा भाई संसार में दूसरा नहीं, जिस राजगद्दी के लिए कैकेयी ने सब किया, भरत ने उसी को ठुकरा दिया। यही सच्चा त्याग है।

इस अवसर पर विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्रकार, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा,अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, भिलाई से इंद्रजीत छोटू सिंह, नगर पालिका महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पूर्व सभापति योगिता चंद्राकर, सदस्य लक्ष्मी साहू, झमित गायकवाड़, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, कमलेश गजपाल, योगनारायण गजपाल, वेदनारायण साहू, रामसिंह सोनबोइर, सरपंच चुम्मन यादव, जागेश्वर साहू, राजेश साहू, गिरीश साहू, दुष्यंत साहू, कुलेश्वर जांगड़े, दीपक यादव सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। अंतिम दिन की कथा दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक होगी एवं रात्रि में रंग झरोखा की प्रस्तुति होगी मंच संचालन दीपक कौशिक ने किया।



विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता में राशि को जिले में मिला पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय सेवा संकल्प 2026 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई (कि.) विकासखंड डौंडीलोहारा की कक्षा पांचवीं की छात्रा राशि साहू ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में राशि ने अपनी रचनात्मक सोच और आकर्षक चित्रकला के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रधान पाठक निर्मल दुबे के मार्गदर्शन में छात्रा ने प्रतियोगिता की तैयारी की थी। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार, परिजनों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

राशि की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य संतराम ठाकुर, संकुल समन्वयक आर.के. खिलरिया, प्रधान पाठक निर्मल दुबे, ग्राम सरपंच खोमिन ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष डोमार साहू, शिक्षाविद निर्भय साहू, देवानंद, तारेंद्र, अमित प्रजापति, पुष्पा तुरकाने, जागृति अचिन्त, संजय ठाकुर एवं चेतन श्रीवास सहित समस्त ग्रामवासियों ने बधाई देते हुए छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस नियंत्रण कक्ष और साइबर सेल परिसर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



सेवा संकल्प अभियान के तहत पुलिस नियंत्रण कक्ष एवं साइबर सेल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

- स्वच्छता के साथ अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का दिया संदेश

इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए परिसर की साफ–सफाई की गई तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। परिसर में अनावश्यक सामग्री एवं कचरे को हटाकर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से बालोद पुलिस द्वारा स्वच्छता, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने के साथ–साथ आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

टीबी मुक्त पंचायतों के सरपंच और स्वास्थ्य कार्यकर्ता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



गांधी जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार में विकासखंड दुर्ग (निकुम) अंतर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित कर उनके प्रयासों को प्रोत्साहित करना था।

- बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल दिवस पर नियमित जांच और समय पर उपचार की दी जानकारी

कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, जनभागीदारी बढ़ाने तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों के आरएचओ की उपस्थिति रही। उनके द्वारा टीबी उन्मूलन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए गुलाल, श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल, समय पर स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के महत्व पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में खंड चिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र किशोर पेलचंदन, खंड कार्यक्रम प्रबंधक राजेंद्र वर्मा एवं एसटीएस चंद्रशेखर तिवारी उपस्थित रहे। वहीं लेप्रोसी कार्यक्रम के अंतर्गत पाल तथा रिसाली क्षेत्र से आरएचओ अंशुमंति पाठी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि टीबी उन्मूलन, बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल एवं सेवा संकल्प अभियान जैसे प्रयासों की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता, समय पर जांच, उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कर स्वस्थ एवं टीबी मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रयासों को सम्मानित करने के साथ-साथ सेवा संकल्प की भावना को मजबूत करना और जनभागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना रहा।

हथखोज इंजी. पार्क की जमीनों के आवंटन पर आप ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई हथखोज इंजीनियरिंग पार्क में पार्क, पार्किंग, ओपन स्पेस और पावर सब-स्टेशन के लिए आरक्षित जमीनों के कथित आवंटन को लेकर आम आदमी पार्टी जिला दुर्ग ने सवाल उठाए हैं। पार्टी ने सीएसआईडीसी की ओर से किए गए कथित भूमि आवंटन और लेआउट में किए गए बदलावों की जांच की मांग की है। आप ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव और दुर्ग सांसद विजय बघेल समेत संबंधित जनप्रतिनिधियों से भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश सचिव के. ज्योति, जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत और महरबान सिंह ने कहा कि नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के लेआउट में कुछ ऐसे भूखंडों को प्लॉट के रूप में दर्शाया गया है, जिन्हें पार्टी का दावा है कि पहले पार्क, पार्किंग, ओपन स्पेस और सब-स्टेशन जैसे सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया था। पार्टी ने आरोप लगाया है कि इन जमीनों को प्लॉट में परिवर्तित कर आवंटित किया गया। पार्टी ने शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज से जुड़े प्लॉट 17 के समीप की जमीन को 17-ए और 17-बी के रूप में आवंटित किए जाने का मुद्दा उठाया है। इसी तरह सीएसआईडीसी के लेआउट में सर्कल-ए, बी, सी और ई में सब-स्टेशन, गार्डन और पार्किंग के लिए आरक्षित जमीनों में बदलाव किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

अनुज्ञप्ति, सड़क बाधा एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की चालानी कार्रवाई : भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सुरूचि सिंह एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए लगातार निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-08 कृष्णा नगर क्षेत्र में निगम की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

पेज 7 के शेष

अवैध शराब, 66 पाव शराब...

प्रयुक्त हीरो होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 0431 को भी जब्त किया गया। इस मामले में करहीभदर निवासी भूपेश कुमार ठाकुर 30 वर्श और वेदुराम नेताम उर्फ कृष्ण कुमार 55 वर्श दोनों को गिरफ्तार किया गया।

दूसरे मामले में पुलिस को ग्राम जामगांव से करहीभदर की ओर दो व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिल से अवैध शराब ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने करहीभदर एवं आस पास के क्षेत्र में घेराबंदी कर कार्यवाही की। आरोपियों के कब्जे से 32 पाव रोमियो देशी मदिरा प्लेन शराब, कुल 5.760 बल्क लीटर बरामद की गई। शराब परिवहन में प्रयुक्त हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीजे 9283, भी जब्त की गई। मामले में करहीभदर निवासी महेन्द्र कुमार नेताम 32 वर्ष और डायमन कुमार साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

दोनों मामलों में पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अवैध शराब के संबंध में जानकारी पुलिस को देने की अपील की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने की बात कही गई है।

क्षेत्र में भालुओं की...

क्षेत्रों में जंगली भालू दिखाई देने पर उनके नजदीक जाने, उन्हें छेड़ने या घेरने का प्रयास न करें। वन्यजीवों को सुरक्षित रास्ता देना ही मानव और वन्यजीव दोनों की सुरक्षा के लिए सबसे बेहतर उपाय है। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति सामने आने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है। वन विभाग की सक्रिय निगरानी और क्षेत्रवासियों को लगातार दी जा रही जागरूकता के कारण जंगली भालुओं की मौजूदगी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य वन्यजीवों के संरक्षण के साथ-साथ जंगल से लगे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

विपक्ष का हमला, हरिभूमि अखबार लेकर विपक्ष के पार्षद पहुंचे मंत्री के पास

पेवर ब्लॉक घोटाला : डिप्टी सीएम ने दिए उच्च स्तरीय जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई की परियोजना शाखा द्वारा कराए गए पेवर ब्लॉक कार्यों में वित्तीय एवं तकनीकी अनियमितताओं का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह राजधानी पहुंचे। वहां उन्होंने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर मामले की सच्चाई उनके सामने रखी। उन्होने मंत्री को हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से छपी खबर को दिखाया और बताया कि किस तरह से जनता के पैसा का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने एक शिकायत पत्र भी सौंपा और उसके माध्यम से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

42 करोड़ के कार्यों की जांच की मांग

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत पांच वर्षों में नगर निगम भिलाई द्वारा लगभग 42 करोड़ के पेवर ब्लॉक कार्य कराए गए हैं। हाल ही में हुई जांच में केवल सीमित दायरा (लगभग 12 करोड़) शामिल किया गया था। इसमें ही 16.85 लाख से अधिक के अतिरिक्त भुगतान और भारी तकनीकी खामियों का खुलासा हुआ है। उप नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि अभी भी लगभग 30 करोड़ से अधिक के कार्यों का परीक्षण शेष है। यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो घोटाले का दायरा कई गुना बढ़ सकता है।



बिना काम के हुआ भुगतान

शिकायत में बताया गया कि 21 से अधिक अनुबंधों में माप पुस्तिका में दर्ज आंकड़ों और स्थल की वास्तविक स्थिति में भारी अंतर पाया गया है। कई स्थानों पर बिना भौतिक सत्यापन के ही माप दर्ज कर ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया और अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया।

8 उप अभियंताओं की भूमिका पर उठे सवाल

प्रकरण में निगम की परियोजना शाखा से जुड़े आठ उप अभियंताओं अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, चंदन निर्मलकर, पुरुषोत्तम सिन्हा, प्रभा लकड़ा/टोप्पो, कृष्णा जंघेल, रीमा जांबुलकर तथा श्वेता महेश्वर की भूमिका जांच के दायरे में है। रिपोर्ट के अनुसार, इन अधिकारियों पर पद का दुरुपयोग करने, गलत मापांकन दर्ज करने और शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के गंभीर आरोप लगे हैं।

मंत्री के सामने रखी गईं प्रमुख मांगें

उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच : संपूर्ण 42 करोड़ के कार्यों की ईओडब्ल्यू या किसी स्वतंत्र उच्च स्तरीय तकनीकी समिति से दोबारा निष्पक्ष जांच कराई जाए।

कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई : जांच लंबित रहने तक सभी दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए और दोष सिद्ध होने पर सेवा से बर्खास्त किया जाए।

एफआईआर एवं रिकवरी : संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए तथा शासन को हुई आर्थिक क्षति की पूर्ण वसूली की जाए।

खबर संक्षेप

दर्रा में दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन आज से

गुरूर। जय मां शीतला रामधुनी समिति एवं ग्रामवासी दर्रा के तत्वाधान में दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू ने बताया कि 4 अक्टूबर को रामधुनी सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू होगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति चंद्रिरका गंजीर करेगीं। अतिथि जनपद सभापति तारादेवी यादव, पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता साहू, योगेंद्र साहू, सरपंच पूजा ठाकुर, सरपंच खर्रा बनवारी साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति डां झुमुक सार्वा, पूर्व अध्यक्ष आत्मा राम साहू, दुषेण शाडिल्य, पुष्पा सिन्हा, मैना बाई के आतिथ्य मे होगा। 5 अक्टूबर को पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस प्रशांत बाला बोकडे होगे। अध्यक्षता अध्यक्षता ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष गुरुर शैलेन्द्र मोनू ठाकुर करेगे। साजन पटेल, सुमित शर्मा, अंकुश दीवान, शिवम कुरैटी, हिमांशु लावत्रे, नरसिंह सिन्हा, ठाकुर राम पटेल, ललित साहू, कोषाध्यक्ष प्रेमशंकर साहू, सुफल सोनभद्र, सुखदास चतुर्वेदी, पूनम साहू के आतिथ्य मे होगा।

दो दिनी रामधुनी प्रतियोगिता कल से

गुरूर। ग्राम साल्हेभाट में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर को किया गया है। जिसमें झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। सामान्य में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय 2001 रुपये एवं तृतीय 1001 रूपये रखा गया है। समिति अध्यक्ष तुलसीराम कोर्राम, उपाध्यक्ष तिजऊ राम नेताम, कोषाध्यक्ष रामेश्वर धुर्वे एवं सचिव ओम प्रकाश सिन्हा ने बताया कि रामधुनी प्रतियोगिता का 79 वां वर्ष है। जो प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मुड़ग़हन रेशमा सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष ग्राम विकास समिति तुलसीराम नेताम ने किया। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति तिजऊ राम, कोषाध्यक्ष रामेश्वर धुर्वे, सुरेंद्र मंडावी, योगेश साहू, राजू साहू, देवश्री मधुकर होंगे।

ग्राम पटेल संघ की तहसील स्तरीय मासिक बैठक आज

डौंडीलोहारा। तहसील स्तरीय ग्राम पटेल संघ डौंडीलोहारा एवं देवरीबंगला की संयुक्त मासिक बैठक 4 अक्टूबर, रविवार को मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण डौंडीलोहारा में आयोजित की जाएगी। बैठक में तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम पटेलों की उपस्थिति अपेक्षित है। ग्राम पटेल संघ की ओर से सभी ग्राम पटेल भाइयों से आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की गई है। बैठक में शामिल होने वाले ग्राम पटेल अपने बैंक पासबुक, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की फोटो कॉपी तथा पांच नग पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से साथ लेकर आएं। बैठक में संघ से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। संघ ने सभी ग्राम पटेलों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी इंद्र कुमार भंडारी मीडिया प्रभारी, ग्राम पटेल संघ ग्राम पटेल, धनगांव ने दी।

गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन

आमटी में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अण्डा



ग्राम पंचायत आमटी में सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चों ने खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मटकी फोड़ सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को पोषण और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन को आवश्यक बताते हुए आंगनबाड़ी सेवाओं से जुड़ी जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, सचिव उत्तम देशमुख, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक कंचन गौतम, पंच देवेंद्र देशमुख एवं चमेली निषाद, रोजगार सहायक देवकुमार साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशिकला चौधरी, कामिन साहू, सरस्वती साहू एवं सहायिकाएं रामहीन पटेल, परागा पटेल और सूरतिया साहू उपस्थित रहीं।

इसके अलावा कोटवार जसवंत वर्मा, मितानिन ललिता चौधरी, रूखमणी साहू, नीता साहू, थानेश्वरी साहू सहित ग्रामीणजन मोहनलाल, कन्हैया चौधरी, तोरण निषाद, नीता चौधरी, सीता पटेल, तामेश्वरी निषाद, दानेश्वरी साहू, मुलेश्वरी साहू, देवकुमारी, टिकेश्वरी निषाद, रामबाई, फुलेश्वरी पटेल, रेवती यादव, तुलेश्वरी निषाद एवं अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा कोडेकसा शक्ति केंद्र में हुई बैठक



डौंडीलोहारा। भारतीय जनता पार्टी मंडल रेंगाडबरी के अंतर्गत शक्ति केंद्र कोडेकसा में सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंडल प्रभारी एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अब तक आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए आगामी कार्यक्रमों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेंद्र, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम गोरे, मंडल मंत्री टोमन टेकाम, कृपा राम पौसार्य, भरत साहू, श्रवण कुमेटी, बूथ अध्यक्ष पवन वटी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा सेतु कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन



डौंडीलोहारा। विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम चे.बन नवागांव में सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख शामिल हुए। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा संकल्प के साथ देशवासियों की सेवा में बिताए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडीलोहारा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाना ही सेवा सेतु कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में विकासखंड की 40 ग्राम पंचायतों के सरपंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। हितग्राहियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कांतिप्रकाश सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, जनपद सदस्य एवं सभापति चित्ररेखा साहू, टूमन साहू, दुलारी देवांगन, नरेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, उपाध्यक्ष उत्तम साहू, रामलाल नायक, भूनेश्वरी ठाकुर, माया चंद्राकर, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, सरपंच लालाराम सारथी, जागेश्वर साहू, तोरण साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

पड़कीभाट में सेवा संकल्प अभियान के तहत चला स्वच्छता अभियान

बालोद। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत पड़कीभाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सरपंच नुपेंद्र भोला यादव के नेतृत्व में वार्ड पंच रेणुका ठाकुर, शीला ठाकुर, उषा ठाकुर, पशु मित्र सरस्वती निषाद, कृषि मित्र तारा निषाद सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



अभियान के दौरान ग्रामीणों ने गांव के चौक–चौराहों पर झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आस पास के क्षेत्र को साफ रखने का संदेश दिया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा।

भागवत कथा के तीसरे दिन शिव पार्वती विवाह प्रसंग ने बांधा समां

बालोद। ग्राम लोण्डी में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन कराया। कथा के दौरान सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, वराह अवतार, सती चरित्र एवं भगवान शिव के विवाह का प्रसंग सुनाया गया।



कथा का शुभारंभ मंगलाचरण एवं भगवान की स्तुति के साथ हुआ। संत निरंजन महाराज ने सृष्टि की उत्पत्ति एवं भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। इसके बाद विदुर कथा के माध्यम से धर्म, नीति और सदाचार के महत्व को बताया गया। कथा में भगवान विष्णु के वराह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए पृथ्वी के उद्धार की कथा का वर्णन किया गया। वहीं सती चरित्र के प्रसंग में माता सती की भक्ति एवं भगवान शिव के प्रति उनकी श्रद्धा का वर्णन किया गया। इसके पश्चात भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिस पर कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। संगीतमय कथा और भजनों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। ग्राम लोन्डी सहित आस पास के क्षेत्र में भागवत कथा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। आयोजनकर्ता साहू परिवार ने श्रद्धालुओं से आगामी कथा में भी सपरिवार शामिल होने की अपील की है। कथा के अगले दिन ध्रुव चरित्र, भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार एवं प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया जाएगा। जिसमे 4 अक्टूबर को धुरव चरित्र, भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार एवं प्रहलाद चरित्र कथा सुनाया जाएगा। 5 अक्टूबर को गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार एवं राजा बलि प्रसंग कथा सुनाया जाएगा। 6 अक्टूबर को श्री कृष्ण जन्म एवं जन्मोत्सव, पूतना वध, बाल लीला एवं माखन चोरी कथा सुनाया जाएगा। 7 अक्टूबर को वृंदावन लीला, मथुरा गमन, कंस वध एवं श्री रुक्मणी मंगल कथा का वर्णन कथा सुनाया जाएगा। 8 अक्टूबर को श्री सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, भाव, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष एवं भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण चढ़ोत्तरी कार्यक्रम होगा। 9 अक्टूबर को श्री गीता सार प्रवचन, हवन पूर्णाहुति, कपिलातर्पण एवं सहस्त्रधारा स्नान कार्यक्रम होगा।



खरथूली स्कूल के व्याख्याता भागवत को मिला राज्य गुरु गौरव सम्मान

बालोद। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खरथूली व्याखायता भागवत प्रसाद चतुर्वेदी को राज्य गुरु गौरव सम्मान प्रदान किया गया।

बालोद के कला केंद्र में आयोजित समारोह मे प्रदेश के विभिन्न जिले के चयनित 152 उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षक शिक्षकों को सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा बीनू राम साहू थे। अध्यक्षता संस्थापक नवल टीचर्स एसोसिएशन क्रिएटिव फाउंडेशन छग अरुण साहू ने किया। अति विशिष्ट अतिथि पूजा वैभव साहू, राजेश सिंह, प्रतिभा चौधरी, सरस्वती टेमरिया, दमयंती सुभाष सर्दी, डॉक्टर कृष्ण कुमार द्विवेदी, ईश्वरी सिन्हा, लीना मानक उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने सामाजिक एकता अभियान का किया शुभारंभ

अंडा। छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने फिरका परस्ति समाप्त करने, जबरिया दंड प्रथा समाप्त करने के उद्देश्य से सामाजिक एकता अभियान का श्री गणेश समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, सामाजिक चिंतक श्री संतराम कन्नौजे, प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश निर्मलकर, कोषाध्यक्ष गणेशराम निर्मलकर ने किया।

- फिरका परस्ती और जबरिया दंड प्रथा के खिलाफ समाज ने लिया एकजुट होकर कार्रवाई का संकल्प



समाज ने सामाजिक एकता के लिए फिरका परस्ती समाप्त करने, सामाजिक न्याय में भेदभाव करने के विरुद्ध अभियान को लेकिन मूर्त रूप से अंजाम देने के लिए श्री गणेश कर दी गई। समाज में यह भी निर्णय लिया है कि अगर समाज के अंतर्गत ही झेरिया कनौजिया मे ही अगर रोटी बेटी का लेनदेन होता है तो कोई भी संगठन खाप पंचायत चलाने वाले मुखिया किसी को दंडित करता है तो पीड़ित परिवार तहसील जिला प्रदेश समाज के खिलाफ शिकायत कर सकता है जिस पर से समाज अभियोजन की कार्रवाई करेगा। और पूरा समाज पीड़ित परिवार को साथ देगा, न्यायालय में गवाही देना पड़ेगा तो वह भी करेगा। समाज ने गरीब परिवार से उठे और छत्तीसगढ़ से रोजी-रोटी के लिए महाराष्ट्र गए नागपुर में कांग्रेस महासचिव बनाए गए मूलचंद निर्मलकर का अभिनंदन रजक ताज से नवाज कर किया। इस अभियान के प्रारंभ होने वाले आयोजन पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, सामाजिक चिंतक श्री संतराम कन्नौजे, प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश निर्मलकर, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नकुल निर्मलकर, जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर सुपेला के अध्यक्ष गौतम रजक जिला महामंत्री किशोर निर्मलकर युवा धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, रजक कन्नौजे धोबी महानगर रायपुर धोबी समाज के महासचिव टामन लाल कन्नौजे, भागबली निर्मलकर, रायगढ़ जिला धोबी समाज के अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन, प्रवक्ता साहेब राम बरेट, मनोज कुमार बरेट, जांजगीर अखिलेश कर्ष, कोरबा सहित राज्य भर से अनेक सामाजिक मुखिया शामिल हुए।

गांधी जयंती पर पंचायत परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर की गई साफ-सफाई

गुरूर। ग्राम पंचायत कन्हारपुरी प्रांगण एवं जगहों पर महात्मा गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष में 3 अक्टूबर को स्वच्छता के तहत साफ सफाई किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचगण और मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह अध्यक्ष रुक्मणी साहू एवं उनके सदस्य गण उपस्थित थे। सरपंच तेज राम साहू द्वारा अपने आस पास स्वच्छता बनाये रखने की अपील किया गया हैं।



सामूहिक परिवारों के बिखरने पर जताई चिंता

मन की सकारात्मक खुराक जरूरी, आत्मा को चाहिए जागरण : अक्षयमुनिजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



चातुर्मास श्रृंखला समता भवन बालोद में शासन दीपक अक्षयमुनिजी मसा ने कहा कि शरीर को खुराक चाहिए पर शरीर से ज्यादा मन को खुराक फिर आत्मा है, आत्मा को खुराक नहीं जागरण चाहिए। आदमी शरीर को खुराक देता है लेकिन जिंदगी मन पर निर्भर है, 99 प्रतिशत मन पर ही टिकी है। आदमी मन को मनाने के लिए क्या–क्या कर लेता है, मन की खुराक सकारात्मक होना चाहिए नकारात्मकता विचार नहीं। सकारात्मकता को पाने के लिए आदमी सब कुछ झोक देता है पर उसे पता नहीं है कि सकारात्मकता के पीछे नकारात्मकता छिपी हुई है। किसी का हम अपमान करते हैं तो वर्तमान में सकारात्मक दिखाई पड़ रही है लेकिन समय पर यह नकारात्मकता ही नजर आएगी। हम अपमान करके अपना सम्मान खो रहे हैं, फिर एक नहीं समस्या खड़ी करते हैं कर्म उदय का।

जैन संत अक्षय मुनिजी ने कहा कि इंसान इंसान से अनजान है वह एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते हैं, कुत्ते अनजान प्राणी के लिए भोंकते हैं, आज इंसान इंसान से नफरत कर रहे हैं, इसलिए नहीं जान पा रहे हैं, स्वयं की पहचान नहीं कर पा रहे हैं। जब इंसान स्वयं की पहचान नहीं कर पाता वह दूसरों की कैसे पहचान कर पाएगा, देखते हैं कि व्यक्ति खुद का दुखड़ा बढ़ा चढ़ा कर बोलते हैं उसके पीछे वह चाहता है कि उसे सांत्वना मिल जाए। एक दिन धन भी रुलाएगा आज आनंद है तो कल धन से ही परेशान होगा। व्यक्ति को रोटी, कपड़ा, मकान की आवश्यकता है।

आज परिवार बिखर रहे हैं क्योंकि व्यक्ति अपने दिमाग से जीना चाहता है, बीमारियों से परेशान हो रहा है। पहले सामूहिक परिवार रहते थे सुख–दुख में सब काम आते थे, प्रेम से रहते थे आज सिर्फ मैं, में ही टिका हुआ है। जिसके कारण व्यक्ति के जीवन में अनेक दिक्कतें आती है, अपना जीवन मर्यादित रहे। उपवास तपस्या के क्रम में ममता नाहटा ने 4, यश बुरड़ ने 3 उपवास तपस्या का संकल्प ग्रहण किया।











खबर संक्षेप

हीरापुर में आज से संगीतमय रामधुनी सम्मेलन

बालोद। जिला मुख्यालय समीपस्त ग्राम हीरापुर में 4 एवं 5 अक्टूबर को संगीतमय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमे उद्घाटन समारोह मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्या बालोद पूजा वैभव साहू रहेंगी। अध्यक्षता जनपद सदस्य हीरापुर दुष्यंत कुमार साहू करेंगे। विशेष अतिथि जिला कांग्रेस महामंत्री शम्भूराम साहू, भाजपा मंडल महामंत्री संतानुराम साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बालोद कल्याण साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति परमानंद साहू, अध्यक्ष ग्राम निशाद समिति हीरापुर धरमु निषाद, कुशल ठाकुर, जौहर विश्वकर्मा, रामचंद साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज कुंजलाल साहू, सहदेवराम साहू, रामप्रसाद साहू, प्रीतलाल साहू, ग्राम पटेल हीरापुर संत राम साहू, तोकेश्वर साहू, शत्रुहन साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

पेंशनरों की बैठक कल

डौंडीलोहारा। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौंडीलोहारा की आगामी बैठक 05 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर भवन डौंडीलोहारा में आयोजित होगी। बैठक में जिला एवं तहसील डौंडीलोहारा के पेंशनरों की वार्षिक सदस्यता एवं शुल्क की जानकारी के साथ आय-व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में आगामी जिला बैठक गुंडरदेही के संबंध में जानकारी दी जाएगी। साथ ही गत माह आयोजित बालोद जिला बैठक की जानकारी तथा छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर के प्रांतीय चुनाव के बाद संभाग स्तर पर होने वाली बैठक के संबंध में चर्चा की जाएगी।

तार्री में 5 और 6 अक्टूबर को दो दिनी रामधुनी प्रतियोगिता

गुरूर। नव सृजन युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी तार्री के तत्वाधान मे पितृ पक्ष के पावन अवसर पर 5 एवं 6 अक्टूबर को दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमे विभिन्न ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देगी। जिसमें 5 अक्टूबर को जय भारत रामधुनी मंडली दरगहन, जय मां शारदा रामधुनी मंडली भैसबोड, जय मारुति रामधुनी मंडली जैतपुरी, सिया के राम लोककला रामधुनी मंडली सोहतरा, जय मां दुर्गा रामधुनी मंडली चिरपोटी, राधाकृष्ण रामधुनी मंडली नरहरपुर एवं 6 अक्टूबर को जय मां शारदा लोक सांस्कृतिक रामधुनी मंडली चर्रा, नव ज्योति आदर्श रामधुनी मंडली जगन्नाथपुर, जय बजरंग रामधुनी मंडली सेनचुवा, संगी जहूरिया रामधुनी मंडली छिपला, जय छग रामधुनी मंडली गुदगुदा, जय मां शीतला रामधुनी मंडली परसाही, पूजा के फूल रामधुनी मंडली भटगांव की प्रस्तुति होगी।

'नमो सेवा अनकही कहानियां' में विद्यार्थियों ने मंच पर जीवंत की सेवा की भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

खास बातें

- विद्यार्थियों ने दी संगीतमय नाट्य प्रस्तुति अभिनय, संगीत और संवाद से दिया जनसेवा व सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत डौंडी में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' विषय पर संगीतमय नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया गया। शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौंडी के छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण की भावना को मंच पर जीवंत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अभिनय, संगीत और संवाद के माध्यम से समाज के प्रति सकारात्मक योगदान और सेवा भावना का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित अतिथियों और नागरिकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और नागरिकों में उत्साह और उमंग का वातावरण रहा।

कार्यक्रम में सोमेश कुमार सोरी, मनीष झा, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चैरका, निलेश जायसवाल, नगर पंचायत के पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार देवांगन, शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौंडी के प्राचार्य डॉ. योगेश्वर साहू तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी धनंजय सहित नगर पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी और महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। 'नमो सेवा अनकही कहानियां' कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जन–जन तक पहुंचाना तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना रहा। विद्यार्थियों की उत्कृष्ट संगीतमय प्रस्तुति ने कार्यक्रम को आकर्षक और यादगार बना दिया।

प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन, ग्रामसभा में योजनाओं पर हुई चर्चा

किल्लेकोड़ा-खोलझर में गांधी जयंती पर विविध कार्यक्रम, कला मंच भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

ग्राम पंचायत किल्लेकोड़ा एवं खोलझर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान गांधी जी की प्रतिमा एवं तैलचित्र पर माल्यार्पण, पूजन-अर्चन, स्वच्छता जागरूकता, वृद्धजनों का सम्मान, डस्टबिन वितरण तथा निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

ग्राम पंचायत किल्लेकोड़ा में सरपंच हेमलता विश्वकर्मा, उपसरपंच चंद्रशेखर तरमा, पंचगण एवं ग्रामीणों के सहयोग से गांधी जयंती समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में निर्भय भंडारी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, गुलाल, चंदन वंदन एवं पूजन किया। इसके बाद गांधी जी के प्रिय भजन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर ग्रामसभा की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। निर्भय भंडारी ने ग्रामसभा के एजेंडे की जानकारी सचिव रावेंद्र मांडवी के समक्ष रखी। इसमें वीबी जिरमजी, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जल संरक्षण के लिए घरों में 30 प्रतिशत वाटर हार्वेस्टिंग एवं श्रमदान जैसे विषय शामिल रहे।

इसके बाद निर्भय भंडारी ग्राम पंचायत खोलझर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर एवं विशेष अतिथि जनपद पंचायत सभापति उत्तम यदु रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत खोलझर की सरपंच थानेश्वरी विश्वकर्मा ने की। उपसरपंच लखन ठाकुर, पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं।



विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी

अतिथियों का अवीर-गुलाल एवं चंदन लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद महात्मा गांधी के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन कर 'रघुपति राघव राजा राम' भजन का गायन किया गया। निर्भय भंडारी द्वारा माताओं को डस्टबिन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जयलाल मालेकर एवं विशेष अतिथि उत्तम यदु ने स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं वीबी जिरमजी सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम के दौरान कला मंच भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया गया।

पैरी में गांधी जयंती पर प्रतिमा का अनावरण, सर्वोदय मंडल ने मनाया समारोह

गुण्डरदेही। ग्राम पैरी में प्रांतीय सर्वोदय मंडल छग, परिक्षेत्र सर्वोदय मंडल पैरी एवं ग्रामीण सर्वोदय मंडल पैरी के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जी की 158वीं जयंती एवं गांधी प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद के अध्यक्ष तारणी चंद्राकर रही। अध्यक्षता सर्वोदय मंडल छग के अध्यक्ष दीनदयाल चौधरी ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, गांधी मूर्ति के निर्माता एवं प्रदाता सर्वोदय मंडल छग के उपाध्यक्ष धमधा निवासी विष्णु प्रसाद ताम्रकार, प्रांतीय सर्वोदय मंडल को एक एकड़ भूमि दान करने वाले अलख राम साहू, उपाध्यक्ष भेखराम साहू, महासचिव उत्कर्ष साहू, अंकेक्षक चुन्नूराम, सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ रुक्मणी साव, जनपद सदस्य ममता सेन, सरपंच मधु देशमुख, ग्राम पटेल गैंद सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष भानुमति, पूर्व जनपद सदस्य रमा ठाकुर, कृष्ण कांता तुलसी देवी अध्यक्ष जिला सर्वोदय मंडल दुर्ग वीरेंद्र



साहू धमतरी अध्यक्ष तिलक पाल बालोद के अध्यक्ष संतोष साहू नटवर रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक द्वय सेवक राम नेले एवं सीताराम साहू तथा नेतराम परसराम कामता साहू गरीबदास ढाल सिंह और शोभाराम सिन्हा रहे।



अर्जुंदा में कांग्रेस ने मनाई महात्मा गांधी की 157वीं और लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती

गुण्डरदेही। विधायक कार्यालय अर्जुंदा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा के अध्यक्ष जीवन बंदे के नेतृत्व में महात्मा गांधी की 157वीं जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा जीवन बंदे ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य, अहिंसा और सादगी के सिद्धांतों तथा देश की स्वतंत्रता के लिए उनके संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि गांधी का जीवन हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, देशसेवा और कर्तव्यनिष्ठा को भी स्मरण करते हुए कहा कि दोनों महान विभूतियों के आदर्श सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद हरीश चंद्राकर, जनपद सदस्य ललिता भुआर्य, जनपद सदस्य जैताराम ठाकुर, कोजम दास टंडन, राजू देवांगन पार्षद, अध्यक्ष नगर कांग्रेस अर्जुंदा राजू पारख, जोन प्रभारी योगेश साहू, हरिशंकर साहू, टेमन देशमुख, दिग्विजय ठेठवार, शिवेंद्र देशमुख, सागर साहू, विनय कुमार साहू, महेंद्र रवि, सितेंद्र चंद्राकर, दीपेंद्र सेन, पूर्णानंद चौधरी, एमआर साहू, विनोद कुमार साहू, अजय निर्मलकर, भोलेश्वर प्रसाद देशमुख, दिलीप देशलहरा, सुनील कुमार साहू, विजय कुमार साहू, मनोज कुमार निषाद, योगेश्वर दास मानिकपुरी, राधेश्याम बढ़ाई, खिलानंद पटेल, भानु प्रताप पिपरिया, टूमन सिंह देशमुख, चित्रांश, मनीष टंडन, योगेश कुमार देशलहरा, प्रमोद कुमार, डालेश्वर देशमुख, भेषज साहू सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधारोपण

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण के लिए प्रेरित करना रहा। नगर पालिका अध्यक्ष तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारी–कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों ने सहभागिता की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रामेश्वर साहू, पार्षद सुरेश जायसवाल, महेंद्र पिपरे, महेंद्र सिंह, राकेश द्विवेदी, रमेश गुर्जर एवं सुरेंद्र बेहरा, निकाय के स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, चिरंजीव साहू, एमएमयू के अंकित दिल्लीवार सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी–कर्मचारी तथा स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण एवं पौधों की देखभाल के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

जनप्रतिनिधियों, नपा अधिकारी-कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों ने किया पौधारोपण



भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, बच्चों ने उत्साह से लिया भाग

गुरूर। ग्राम खुंदनी स्थित संत कबीर ज्ञान मंदिर एवं सरस्वती शिशु मंदिर खुंदनी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया।

कक्षा पंचम से अष्टम तक के शत–प्रतिशत भैया–बहनों ने उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, महापुरुषों के जीवन और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है।

गायत्री प्रज्ञा मंडल खुंदनी एवं संस्कार शाला के आचार्य मृत्युंजय यादव के मार्गदर्शन में आयोजित यह परीक्षा, शिक्षिका ऊर्मिला नेताम एवं द्रौपदी साहू के सहयोग में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। आचार्य ने बताया कि इस तरह की परीक्षाओं से बच्चों में संस्कार, देशभक्ति और अपनी संस्कृति के प्रति गौरव की भावना जागृत होती है। परीक्षा के दौरान बच्चों ने अनुशासन का परिचय दिया।



